समयबद्ध / निजी ध्यानार्थ

संख्याः—ई0डी0एन0—एच0ई0(21)बी0(15)15 / 2020—भाग —1
शिक्षा निदेशालय (उच्चतर),
हिमाचल प्रदेश, शिमला—1
Tel:0177&2653120, Extn-234
E-mail:dhe-sml-hp@gov.in, Fax:2812882

दिनांक शिमला—1 29 दिसम्बर,2020

सेवा में

1. समस्त प्राचार्य,
   राजकीय / निजी महाविद्यालय, हिमाचल प्रदेश
2. समस्त उप—शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा,
   हिमाचल प्रदेश
3. समस्त प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक,
   राजकीय / निजी वरिष्ठ माध्यमिक / उच्च विद्यालय,
   हिमाचल प्रदेश

विषयः— **पूर्ण राज्यत्व की 50वीं वर्षगांठ पर निबन्ध प्रतियोगिता के आयोजन बारे।**

उपरोक्त विषय पर, निदेशक, भाषा एवंम संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश, द्वारा सूचित किया गया है कि हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रविष्टियों के आधार पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 9वीं से 12वीं कक्षा का कनिष्ठ वर्ग तथा बी0ए0प्रथम वर्ष से स्नात्तकोतर (18—25 वर्ष की आयु सीमा) का वरिष्ठ वर्ग बनाया गया है। कनिष्ठ वर्ग तथा वरिष्ठ वर्ग के लिए निबन्ध के निम्न विषय रखे गये हैं:—

<u>कनिष्ठ वर्ग</u>

1) **हिमाचल पचास—भविष्य एवं विकास**
2) **हिमाचल एंव युवा**

<u>वरिष्ठ वर्ग</u>

1) **हिमाचल प्रदेश एक सांस्कृतिक धरोहर**
2) **गत 50 वर्षों में हिमाचल प्रदेश की गौरवमयी विकास यात्रा**

इस प्रतियोगिता हेतु कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को रुपये 10,000 / —, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को रुपये 7500 /., तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को रुपये 5000 / — व एक सांत्वना पुरस्कार रुपये 2100 / — की राशि रखी गई है तथा वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को रुपये 15,000 / —, द्वितीय स्थान को रुपये

11,000/--, तृतीय स्थान को रुपये 7500/– व एक सांत्वना पुरस्कार रुपये 3000/– की राशि रखी गई है।

उपरोक्त के मद्देनज़र, आपको निर्देश दिए जाते हैं कि आप अपने–अपने शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों से मोबाईल पर तथा व्हाट्सऐप के माध्यम द्वारा सम्पर्क स्थापित करें तथा उपरोक्तय विषय पर प्रविष्टियों को ईमेल dirlculture@gmail.com व lac-dir.hp@nic.in पर दिनांक 31–12–2020 तक भेजने बारे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें। इस कार्य हेतु आप अपने शिक्षण संस्थान में कार्यरत अध्यापकों के मोबाईल पर तथा व्हाट्सऐप के माध्यम द्वारा सम्पर्क स्थापित करें तथा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें।

हस्ता०

(डा० प्रमोद चौहान),
अतिरिक्त शिक्षा निदेशक उच्चतर (महा0),
हिमाचल प्रदेश, शिमला –1

पृष्ठांकन संख्या सम दिनांक शिमला–1 29 दिसम्बर,2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, भाषा एवंम संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला–9, को उनके कार्यालय पत्र संख्याः भासनि–17/2019–भाषा–पू.रा.दि.–8421 दिनांक 16–12–2020 के सन्दर्भ में।
2. तकनिकी अधिकारी, सूचना एवम प्रौद्योगिकी कक्ष, उच्चतर शिक्षा निदेशालय को पत्र को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. रक्षक नस्ति।

शिक्षा निदेशालय उच्चतर

29 DEC 2020

अतिरिक्त शिक्षा निदेशक उच्चतर (महा0),
हिमाचल प्रदेश, शिमला –1